an>

Title: Need to revive Barauni Fertilizer factory in Bihar.

डॉ. भोला सिंह (बेगूसराय) : महोदया, मैं आसन के प्रति आभार प्रकट करता हूं। जब आप आसन पर होती हैं..

माननीय अध्यक्ष : आप अपने विषय पर आइये।

डॉ. भोला सिंह : तो लगता है कि खुदा की रुहानी झलक दिखाई पड़ती है। मैडम, बिहार ने राष्ट्रीय यज्ञ में अपनी बहुत सारी हड्डियां और जिस्म डाले हैं।

माननीय अध्यक्ष : आप बरौनी फर्टिलाइजर फैक्टरी की बात बोलिये।

डॉ. भोला सिंह : मैं बरौनी खाद कारखाने के बारे में आसन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं। बरौनी खाद कारखाना चल रहा था, यह घाटे में था। तत्कालीन राष्ट्रीय जनतांत्रिक सरकार ने बंद करते हुए कहा कि यह कारखाना लाभप्रद नहीं है। जब गैस आधारित यूरिया का उत्पादन शुरू होगा तो हम इस कारखाने को बनाने और पुनर्जीवित करने में प्राथमिकता देंगे। यह कैबिनेट का फैसला था। केन्द्र सरकार ने लोक सभा में आश्वासन दिया। मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि मुझे पता चला है कि केन्द्र सरकार ने बंद खाद कारखाने को चालू करने के लिए...

माननीय अध्यक्ष : आपको अपना विषय एक मिनट में उठाना है, बहुत लम्बा भाषण नहीं देना है।

डॉ. भोला सिंह : मैं समाप्त कर रहा हूं, जो सीढ़ियां तय की, उसमें बरौनी खाद कारखाना सबसे पिछले पायदान पर है। मैं आपके माध्यम से वर्तमान सरकार से आग्रह करना चाहता हूं कि बिहार ने देश की आजादी के दीप जलाये। बिहार ने बरौनी पैट्रो-कैमिकल के लिए संघर्ष किया, बरौनी रिफाइनरी हुई, लेकिन पैट्रो-कैमिकल नहीं हुआ। बरौनी इंग्लैंड का कारखाना नहीं बन सका। मैं आज आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि हमारे माननीय अटल जी की सरकार का निर्णय था, आश्वासन था कि बरौनी के खाद कारखाने को पुनर्जीवित करने के लिए, गैस आधारित यूरिया कारखाना पुनर्जीवित करने के लिए हम इसे प्राथमिकता देंगे। वह हमारी अमानत है।

मैं सरकार से आग्रह करना चाहता हूं कि हमारी यह अमानत जो हमारे माननीय अटल जी ने दी थी, तत्कालीन सरकार ने दी थी।

माननीय अध्यक्ष : साध्वी सावित्री बाई फूले, आप बोलिये। भोला सिंह जी, बस बहुत हो गया, ऐसे नहीं होता है, मुझे सबको समय देना है।

डॉ. भोला सिंह : मैं चाहता हूं कि सरकार इस अमानत के साथ विश्वास देकर बिहार का जो पिछड़ापन है, उसे दूर करने के लिए कदम उठाये।

मैं इन्हीं शब्दों के साथ आपके माध्यम से इस बात को सदन के समक्ष रखना चाहता हूं।

माननीय अध्यक्ष : एक-एक मिनट में सबने बोलना है, बहुत सारे सदस्यों को बोलना है।